**प्रेस नोट**

**थाना टहरौली, जनपद झाँसी**

**दिनांक 30.08.2026**

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही**
- **थाना टहरौली पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री विकास कुमार के निर्देशन में जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 30.08.2026 को थाना टहरौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 18/2026 धारा 305(क)/317(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त नरेन्द्र कुशवाहा पुत्र कलूटे कुशवाहा, निवासी ग्राम देवरा खेरा नई बस्ती, थाना निवाड़ी, जिला निवाड़ी, मध्य प्रदेश को मुखबिर की सूचना पर ग्राम परसा स्थित हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरान्त माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**बरामदगी का विवरण**

अभियुक्त द्वारा चोरी की गई मूंगफली की झालें मंडी में बेचने से प्राप्त धनराशि में से शेष बचे ₹1,410/- बरामद किए गए।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

**1.** नरेन्द्र कुशवाहा पुत्र कलूटे कुशवाहा, निवासी ग्राम देवरा खेरा नई बस्ती, थाना निवाड़ी, जिला निवाड़ी, मध्य प्रदेश, उम्र करीब 20 वर्ष।

**गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली पुलिस टीम**

1. प्रभारी निरीक्षक श्रीमती सरिता मिश्रा, थाना टहरौली, जनपद झाँसी।
2. उ0नि0 श्री अश्वनी कुमार, थाना टहरौली, जनपद झाँसी।
3. उ0नि0 श्री प्रभाकान्त साहू, थाना टहरौली, जनपद झाँसी।